## एक नजर में

### मप्र प्रदेश कमेटी के चीफ पटवारी आज हरदा में

**हरदा –** मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी आज हरदा जिले के प्रवास पर रहेंगे। उनके आगमन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं ।जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन सांई ने बताया कि 4 अप्रैल को शाम 6 बजे खंडवा बायपास चौराहे दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के समीप ,निजी कॉलेज के सामने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष सर्किट हाउस पहुंचेंगे,यहां वे जिले के वरिष्ठ नेताओं और जमीनी कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। जिलाध्यक्ष मोहन साईं ने बताया कि सर्किट हाउस में पटवारी आगामी रणनीतियों और संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा करेंगे। उन्होंने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं, मोर्चा संगठनों, और पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में स्वागत स्थल पर उपस्थित होने का आग्रह किया है ।सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद पीसीसी चीफ पटवारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश पटेल गोयत की पैदल नर्मदा परिक्रमा पूर्ण होने के बाद आयोजित भंडारे में शामिल होंगे .

# लापरवाह ठेकेदार को करें ब्लेकलिस्टेड : आयुक्त

## ग्रीष्मकाल में निर्बाध रूप से जल प्रदाय किया जाए, सीएमओ अपने क्षेत्र में इसकी सतत निगरानी रखें



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/03,अप्रैल,2026/** आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री संकेत भोंडवे ने नर्मदापुरम संभाग की समस्त निकायों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किए जाने के लिए तत्परता से कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा की संभाग के समस्त निकायों के अंतर्गत क्षेत्र में स्वच्छता सर्वोपरि रखी जाए। आयुक्त श्री भोंडवे ने निर्देशित किया कि सभी निकाय अपनी पूरी क्षमता के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए जुटें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा की जाए साथ ही साथ सभी सीएमओ यह सुनिश्चित करें कि सिटीजन फीडबैक को भी प्राथमिकता के साथ दैनिक समीक्षा प्रक्रिया में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि पूरा नगरीय विकास अमला गंभीरता से स्वच्छता सर्वेक्षण के साथ जुड़े और तत्परता से उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए कार्य करें। आयुक्त श्री भोंडवे ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण केवल एक अभियान न होकर निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, इसलिए सभी निकायों में स्वच्छता की स्थायित्व बनाए रखना सुनिश्चित किया जाए। उक्त निर्देश शुक्रवार को आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मध्य प्रदेश शासन श्री संकेत भोंडवे की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम के सभा कक्ष में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान आयुक्त श्री भोंडवे ने सभा कक्ष में उपस्थित समस्त अधिकारियों को संबोधित करते हुए दिए। उन्होंने समस्त सीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी पूरी मेहनत के साथ अपने अपने संबंधित निकाय की स्वच्छता को सर्वोपरि रखते हुए अपने कार्यों में अतिरिक्त प्रयास करते हुए प्रगति लाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए नगर स्वच्छता, डोर टू डोर कचरा एकत्रीकरण, शहर के सौंदर्यीकरण, व्यवस्थित बाजार क्षेत्र, स्वच्छ पेयजल सहित अन्य निर्धारित मुख्य घटकों के अंतर्गत बेहतरीन कार्य किया जाए। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने मध्य प्रदेश शहरी विकास कंपनी के उपस्थित अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि नर्मदापुरम जिले में सीवरलाइन परियोजना के तहत कार्य में गति लाई जाए। उन्होंने कहा कि कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए श्रमिकों तथा मशीनरी की संख्या को बढ़ाया जाए। आयुक्त श्री भोंडवे ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि 5 अप्रैल से पूर्व सुपर 75 के लिए चयनित निकायों द्वारा एमआईएस पोर्टल पर डाटा फीडिंग के लिए आवश्यक कार्यवाहियां सुनिश्चित की जाए। जिससे आगामी चरणों के लिए कार्ययोजना तैयार की जा सके। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पूरी मेहनत, प्रतिबद्धता और जनसहभागिता के साथ कार्य करें, ताकि नर्मदापुरम संभाग स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर सके।

> आगामी एक सप्ताह में नगरीय निकाय के अंतर्गत होने वाले सभी फाइल परिचालन की प्रक्रिया शत प्रतिशत ई ऑफिस के माध्यम से ही किया जाना सुनिश्चित करें।

समीक्षा बैठक के दौरान आयुक्त श्री भोंडवे ने जलप्रदाय योजना अमृत 2.0की समीक्षा भी की। उन्होंने स्पष्ट रूप से समस्त सीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वच्छ पेयजल प्रदाय करना प्रत्येक निकाय की मुख्य प्राथमिकता हो। उन्होंने कहा कि जलप्रदाय की के तहत सीवरेज लाइन तथा जल आपूर्ति पाइपलाइन को प्रथक प्रथक रखा जाए।

साथ ही साथ ग्रीष्मकल के दौरान नगरीय क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की जल आपूर्ति बाध्यता ना हो यह भी सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनिश्चित करें। जलप्रदाय के प्रचलित कार्यों में जिन ठेकेदार द्वारा कार्य करने में लापरवाही की जा रही है उन्हें ब्लैक लिस्ट करें.

# पटाखा फैक्ट्री के मलबे की नीलामी में मिले 16 लाख 21 हजार रुपए



**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 03 अप्रैल** ग्राम बैरागढ़ स्थित पटाखा फैक्ट्री में 6 फरवरी 2024 को हुए भीषण विस्फोट के बाद निकले मलबे की नीलामी गुरुवार को तहसील कार्यालय में हुई,हादसे के लगभग 2 साल बाद हुई नीलामी प्रक्रिया में फैक्ट्री में हुए विस्फोट से निकले मलबे की 16 लाख 21 हजार में बोली लगाई गई ।नीलामी में 19 बोलीदाताओं ने हिस्सा लिया।

वहीं बोली कि शुरुआत 5 लाख से हुई, प्रशासन ने नीलामी के लिए बेस प्राइस 10 लाख रुपए निर्धारित किया था ।इस दौरान मोहम्मद शकील ने 16 लाख 21 हजार रुपए की सबसे ऊंची बोली लगाकर मलबा खरीदा ।इस मलबे में जली हुई गाड़िया,मकानों के अवशेष, ईट,पत्थर,लोहा शामिल है। तहसीलदार राजेंद्र पंवार ने जानकारी देते हुए बताया कि नीलामी प्रक्रिया विधिवत हुई है, उन्होंने बताया कि नीलामी की राशि पीड़ितों के लिए बनाए गए खाते में ट्रांसफर की जाएगी,इसके बाद शासन के नियमानुसार पीड़ितों को वितरित की जाएगी। पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में 13 लोगों की जान गई थी, वहीं 300 से अधिक लोग घायल हुए थे। 6 फरवरी 2024 को हुए भीषण विस्फोट से हताहत हुए लोग उस मंजर को याद कर सिहर उठते है। विस्फोट के बाद हुए जर्जर मकान हादसे की गवाही देते है।

> पीड़ितों को मिलेगी नीलामी की राशि, मलबा देखकर हादसे का भयावह मंजर याद आता है .

# श्री हनुमान प्राकट्योत्सव पर हुए धार्मिक कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**सोहागपुर, 03 अप्रैल** कलयुग में भी जीवंत संकट मोचन हनुमान जी के जन्मोत्सव पर गुरुवार को ब्लॉक के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में विविध धार्मिक आयोजन हुए। बताया जाता है कि गुरुवार को 100 से अधिक धार्मिक आयोजन समूचे ब्लॉक क्षेत्र में किये गए हैं। क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरों में प्रतिमा श्रृंगार, अभिषेक, अखंड रामायण पाठ व भंडारा किये गए। पुरानी तहसील परिसर स्थित मंदिर पुजारी पं. विनीत शर्मा के अनुसार गुरुवार को श्री हनुमान जी का श्रृंगार, अभिषेक एवं भंडारा आयोजन किए गए। वहीं जमनी स्थित हनुमान मंदिर में भी भंडारा किया गया। जमनी मंदिर महंत गुलशन महाराज सहित समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल, गौरव अग्रवाल व सौरभ अग्रवाल ने बताया कि सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक भंडारा आयोजन मंदिर परिसर में किया गया। जिसमें सैकडों भक्तों ने प्रसादी प्राप्त की। नवलगांव के हनुमान मंदिर में प्रेरक पं. गोपाल प्रसाद पस्टारिया एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में भंडारा आयोजन किया गया। श्रीराम चौक के समीप मंदिर में भंडारा किया गया।



# रजिस्ट्रार कार्यालय में पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक आय हुई

**पिपरिया** उपपंजीयक कार्यालय के अंतर्गत पिछले वर्ष की अपेक्षा 2 करोड़ के लगभग आय अधिक हुई। उपपंजीयक कार्यालय ने 1 अप्रैल से 31 मार्च तक 3276 दस्तावेज तैयार हुए जिसमें 26 करोड़ 2 लाख 82 हजार 432 रूपये की आय हुई जबकि पिछले वर्ष 3291 दस्तावेज तैयार हुए थे जिसमें 24 करोड़ 13 लाख 68 हजार 757 रूपये की आय हुई, थी इस प्रकार पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 1 करोड़ 89 लाख 13 हजार 675 रूपये की अधिक आय हुई है। मार्च 2026 में ही 6 करोड़ 70 लाख रूपये की आय हुई.

# श्रीमती नारोलिया ने दिल्ली में भरी विकास की हुंकार

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/03, अप्रैल, 2026** राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने वर्तमान संसद सत्र के दौरान नई दिल्ली में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों के शीर्ष नेतृत्व से भेंट कर नर्मदापुरम संभाग सहित संपूर्ण मध्य प्रदेश के लोक-कल्याणकारी विषयों और जन-आकांक्षाओं को प्रमुखता से प्रस्तुत किया। विकास के प्रति अपनी कटिबद्धता दोहराते हुए सांसद नारोलिया ने सडक, रेल और औद्योगिक विकास के त्रिकोणीय मॉडल पर विस्तार से चर्चा की। सांसद नारोलिया ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी से भेंट कर



नर्मदापुरम-टिमरनी-हरदा-खंडवा मार्ग के सुदृढ़ीकरण और इसे राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा प्रदान करने का प्रबल आग्रह किया। उन्होंने तर्क दिया कि इस मार्ग के उन्नयन से न केवल अंतर-राज्यीय व्यापार को गति मिलेगी, बल्कि धार्मिक पर्यटन के दृष्टिकोण से भी यह मार्ग मील का पत्थर साबित होगा। सफर को सुगम बनाने की दिशा में उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री से भेंट कर जनसामान्य की चिर प्रतीक्षित मांगों को उनके समक्ष रखा। उन्होंने क्षेत्रीय रेलवे स्टेशनों पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव और रेल इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण हेतु अपने बहुमूल्य सुझाव प्रेषित किए, ताकि यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्राप्त हो सकें। नर्मदापुरम में स्वरोजगार और आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलने हेतु सांसद नारोलिया ने केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री श्री एच. डी. कुमारस्वामी से सार्थक संवाद किया।

# हनुमान प्राकट्योत्सव पर हुए भंडारे

**पिपरिया** हनुमान प्राकट्योत्व के अवसर पर बुधवार से कार्यक्रमो की शुरूआत हुई जो समाचार लिखे जाने तक भंडारो का आयोजन चलता रहा। हनुमान प्राकट् ?योत्सव पर शोभापुर रोड हनुमान मढिया, रानी पिपरिया हनुमान मंदिर, टोल नाका हनुमान मंदिर, हथवांस तिगड्डा हनुमान मंदिर, अनाज मंडी में पंचमुखी हनुमान मंदिर, पुराना गल्ला मंडी हनुमान मंदिर, वेयर हाउस हनुमान मंदिर,शोभापुर रोड बसस्टेंड हनुमान मंदिर,रेस्टहाउस हनुमान मंदिर, तहसील के पास हनुमान मंदिर सहित हनुमान मंदिरो में आयोजन पश्चात भंडारो का आयोजन रात्रि तक जारी रहा।

# शहर में हनुमान जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, जयश्रीराम का गूंजा जयघोष

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 03 अप्रैल** सिवनी मालवा के प्रसिद्ध संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमानजी का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने हनुमान लला के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और भंडारे में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पंडित संतोष शास्त्री के सान्निध्य में हनुमानजी की प्रतिमा का आकर्षक एवं अद्भुत श्रृंगार किया गया। विधिवत पूजन-अर्चना और महाआरती के पश्चात हनुमानजी को 56 भोग अर्पित किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। मंदिर में दिनभर अखण्ड रामायण पाठ, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन चलता रहा। महाआरती के पश्चात प्रसादी वितरण किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। शाम के समय संकट मोचन हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। बैंड-बाजों की धुन पर श्रद्धालु झूम उठे और जय श्रीराम एवं जय बजरंगबली के जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो गया।

# आज होगा श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का मिलन समारोह

**हरदा** श्री गुर्जर गौड ब्राह्मण संगठन हरदा द्वारा महर्षि गौतम पूजन सामाजिक मिलन समारोह आज दिनांक 4 अप्रैल शनिवार को विश्नोई धर्मशाला में सांय सांय 4 बजे से रखा गया है। उक्त जानकारी नगर अध्यक्ष मनीष व्यास ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम गायन ,वादन , मिमिक्री, एकल नृत्य , समाजिक भवन गौतम आश्रम निर्माण पर चर्चा, वृद्ध जनों का सम्मान किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती माया त्रिवेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष , श्रीमती प्रीति पुरोहित प्रदेश अध्यक्ष महिला संगठन , श्री आर के दोगने विधायक हरदा , श्रीमती भारती राजू कमेडिया नपा अध्यक्ष एवं संत श्री चंद्रशेखरन सरस्वती जी स्वामी नवाडा रहेंगे।

# क्रिकेट एवं विशेष फिटनेस समर कैंप गुप्ता ग्राउंड में कल से

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 03 अप्रैल 2026** नर्मदा क्रिकेट एकेडमी एवं यूथ क्रिकेट क्लब के द्वारा आयोजित जिला क्रिकेट संघ नर्मदापुरम के तत्वाधान में दो माह का क्रिकेट समर कैंप दिनांक 5 अप्रैल से आयोजित किया जा रहा है जो अप्रैल एवं मई माह में आयोजित होना है जिसमें 8 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी बच्चे अपना पंजीयन करा कर बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं । एक विशेष सत्र का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें 5 से 10 वर्ष के बच्चों के लिए मनोरंजनात्मक खेलों को कराया जाएगा जो बच्चों के उम्र के साथ शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से भी लाभकारी होगा. सत्र विशेषज्ञो द्वारा आयोजित किये जाएँगे। नर्मदापुरम जिले में क्रिकेट को ओर बेहतर बनाने को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय गुप्ता ग्राउंड पर कैंप का आयोजन कर रहा है। नगरपालिका नर्मदापुरम द्वारा इस हेतु पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। समर कैंप हेतु सभी बच्चे श्री करण यादव से स्थानीय गुप्ता ग्राउंड स्टेडियम में प्रात: 7 से 9 बजे तक और सायंकाल 5 से 6 तक संपर्क कर सकते है तथा अन्य जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं.

# निशा ठाकुर का एथलेक्टिस प्रतियोगिता में चयन

**नवभारत न्यूज**

**पिपरिया-** नगर की बेटी कु निशा ठाकुर का चयन खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में एथेलेटिक्स प्रतियोगिता के लिये हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन क्रीड़ा परिसर धरमपुरा, जगदलपुर छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में अनुसूचित जनजाति ओपन वर्ग की महिला खिलाडी सहभागिता करेगी। निशा का चयन टी टी नगर स्टेडियम भोपाल में 19 मार्च से आयोजित प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। निशा आर एन ए खेल मैदान पर नियमित अभ्यास कर खिलाडियों को भी प्रशिक्षण प्रदान करती है। निशा के चयन पर मनोज नागोत्रा, संदीप संजू शर्मा आदि ने बधाई दी है.

# केसला में जल संरक्षण का संदेश, दीवार लेखन के जरिए जागरुकता

**नर्मदापुरम/03,अप्रैल,2026/** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देश अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नर्मदा पुरम द्वारा जिले में विभिन्न गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं। केसला में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा दीवार लेखन के माध्यम से जल संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है। तथा ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### दादा दरबार मे जल प्याऊ की व्यवस्था की गई

**पिपरिया** जन अभियान परिषद मध्य प्रदेश के तत्वाधान वूमेन चाइल्ड ओल्डरस वेलफेयर सोसाइटी द्वारा हनुमान जंयती के पावन अवसर पर दादा दरबार मे जल प्याऊ की व्यवस्था की गई । जन अभियान परिषद मध्य प्रदेश के तत्वाधान वूमेन चाइल्ड ओल्डरस वेलफेयर सोसाइटी ने इस भीषण गर्मी मे राहगीर और दर्शन करने आए श्रद्धालुओं और जनमानस को जल मिल सके जिस मे नवांकुर संस्था की अध्यक्ष शीतल मौर्य विकास खंड समन्वयक दयाशंकर उमरे सीडीपीएल से मनीराम, चंद्र कांत व्यास,उपस्थित रहे। वहीं पचमढी रोड नाके से विशाल शोभायात्रा निकाली जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए महाकाली मंदिर के पास पहुंच हनुमान जी की आरती व प्रसादी के पश्चात समापन हुआ। तथा विशाल भंडारा हुआ.

# नगरवासियों ने राम दरबार और बाल रूप हनुमान का किया पूजन




**नवभारत न्यूज**

**माखननगर, 03 अप्रैल** हनुमान जन्मोत्सव नगर में धूमधाम श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया सुबह बालाजी मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई. जन्मोत्सव समिति ने डीजे बैंड बाजे ढोल के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली नगर में सड़क के किनारे दोनों तरफ केसरिया ध्वज और बड़े-बड़े हनुमान जी के फ्लेक्स लगाए गए थे बालाजी मंदिर की आकर्षक लाइटिंग से साज साज की गई शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का नगर वासियों एवं विभिन्न संस्थाओं ने जगह-जगह शीतल जल आइसक्रीम कोल्ड ड्रिंक एवं फलों से स्वागत किया शोभा यात्रा में शामिल युवा एवं विशेष तौर पर मातृशक्ति पारंपरिक परिधान एवं साफा बांधकर शामिल हुए श्री राम दरबार एवं बाल रूप हनुमान की सुंदर झांकी सजाई गई जिसका नगर वासियों ने श्रद्धा से पूजन कर आरती की नगर में श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर मनसा पूरण हनुमान मंदिर में भजन पूजन आरती कर प्रसाद चढ़ाया.

**दूधियाबड़ हनुमान मंदिर** — हनुमान जी की प्रतिमा का भव्य एवं आकर्षक श्रृंगार हुआ

# हनुमान कथा सुनकर श्रद्धालु हुए भाव विभोर



**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 03 अप्रैल 2026,** सिवनी मालवा के प्रसिद्ध प्राचीन दूधियावड़ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमानजी का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जय श्रीराम और जय बजरंगबली के गगनभेदी जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भगवान हनुमानजी की अपार कृपा और चमत्कारिक मान्यताओं के लिए प्रसिद्ध यह प्राचीन मंदिर एक बार फिर श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र बना रहा। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने यहां आकर पूजा-अर्चना की और अपनी मनोकामनाएं अर्पित कीं। मंदिर में दिनभर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। यहां वर्षों से निरंतर अखण्ड रामायण पाठ की परंपरा भी जारी है, जो इस स्थल की विशेषता मानी जाती है। मंदिर प्रमुख पंडित अवधेशानंद तिवारी के सान्निध्य में पुजारी राजेन्द्र मिश्रा द्वारा हनुमानजी की प्रतिमा का भव्य एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। इसके साथ ही चोला चढ़ाकर विधि-विधान से अभिषेक, रुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन संपन्न हुआ।

विधिवत पूजा- अर्चना और महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और देर शाम तक प्रसादी ग्रहण करते रहे। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत माहौल बना रहा। शाम के समय आरती के पश्चात मंदिर परिसर में दिल्ली से पधारे संत द्वारा हनुमान कथा का वाचन किया गया। कथा के दौरान श्रद्धालु पूरी तरह भाव-विभोर हो उठे और भक्ति रस में डूबे नजर आए। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर संपूर्ण क्षेत्र भक्ति, आस्था और धार्मिक उत्साह में सराबोर दिखाई दिया। जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमों ने वातावरण को पूर्णत: भक्तिमय बना दिया और श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ इस पर्व को मनाया। मंदिर में स्थापित हनुमानजी की प्रतिमा लगभग 600 वर्ष प्राचीन मानी जाती है। इसका स्वरूप अत्यंत अनोखा है—एक हाथ सिर पर और दूसरा वक्षस्थल पर स्थित है, जबकि पैरों के नीचे दानवी आकृति दर्शाई गई है। ऐसी प्रतिमाएं संत परंपरा से जुड़ी मानी जाती हैं। यह दिव्य प्रतिमा वटवृक्ष के मूल में स्थापित है और मंदिर परिसर में लगभग 10 वट वृक्ष मौजूद हैं, जो इस स्थान को और भी आध्यात्मिक और पवित्र बनाते हैं। मंदिर के सामने रथ पर भगवान श्रीराम दरबार की मनमोहक प्रतिमाएं विराजित हैं। चारों ओर हरियाली, प्राचीन कुआं और सुंदर वाटिका इस धाम की शोभा को और बढ़ाते हैं। श्रद्धालुओं का दृढ़ विश्वास है कि यहां सच्ची श्रद्धा और शुद्धता से पूजा करने पर सभी कष्ट, रोग और बाधाएं स्वत: दूर हो जाती हैं। हनुमानजी के चरणों में नारियल अर्पित करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कई भक्तों का मानना है कि यहां दर्शन करने से संतान सुख, रोगों से मुक्ति मिलती है.


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, हरदा, जिला हरदा म .प्र .**

क्र. 1914/लो.नि./2026-27 हरदा, दिनांक 2/4/26

**द्वितीय ई-निविदा सूचना**

**Tender Notice No.** 2026_UAD_484129_2 Date: 31-3-2026 **कार्य का नामः-** वार्ड क्र. 32 सिद्धी विनायक कॉलोनी से मुख्य मार्ग तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा. **अनुमानित लागत क्रमशः** रु. 5,56,724/-, **अमानत राशि** रु. 5567/-, **ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समय** 1/4/2026 से 7/4/2026 तक तथा ई-निविदा 9/4/2026 को समय 12 बजे तक खोली जाएगी. निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता www.mptenders.gov.in

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, हरदा**